भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †3995

सोमवार, 28 मार्च, 2022/7 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान**

**†3995. श्री मनोज कोटकः**

**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसेः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में वाटर स्पोर्ट्स और संबंधित कार्यकलापों में प्रशिक्षण और प्रमाणन हेतु कार्यशील एकमात्र संस्थान गोवा में स्थित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश के राज्यों में राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान की स्थापना के लिए पूर्वापेक्षाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान स्थापित करने की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार देश में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की योजना बना रही है और यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की गयी है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान (एनआईडब्ल्यूएस) गोवा, भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम) के तहत कार्यरत एक केन्द्र है जो जल क्रीड़ा और उससे संबंधित गतिविधियों में प्रशिक्षण और प्रमाणन के लिए पर्यटन मंत्रालय के अधीन एक केंद्रीय स्वायत्त निकाय है । एनआईडब्ल्यूएस गोवा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जल संबंधी क्रीड़ा गतिविधियों के प्रशिक्षण के लिए अधिदिष्ट है। एक केंद्रीय स्वायत्त निकाय के किसी केंद्र को खोलने के लिए पर्यटन विकास की संभावना, संसाधन उपलब्धता, व्यवहार्यता, मांग और ऐसे ही अन्य कारक तथा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न स्थलों के बीच तुलनात्मक लाभ सहित विभिन्न कारक शामिल हैं। महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान (एनआईडब्ल्यूएस) स्थापित करने के लिए मंत्रालय में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ङ): मंत्रालय देश में पर्यटन से संबंधित जल क्रीड़ाओं को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों को सहायता देने के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। पर्यटन मंत्रालय

राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों को स्वदेश दर्शन योजना,जिसमें जलक्रीड़ा, समुद्र तट सुरक्षा आदि महत्वपूर्ण घटक हैं, के अंतर्गत द्वीप, बीच, वाटर फ्रंट विकास हेतु अनुदान सहायता प्रदान करता है। इसके अलावा, मंत्रालय के पास भारत में एडवेंचर टूर ऑपरेटरों के अनुमोदन के लिए एक तंत्र मौजूद है।

राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान (एनआईडब्ल्यूएस) गोवा के माध्यम से, नीतियों, दिशानिर्देशों, एसओपी, जनशक्ति प्रशिक्षण आदि की तैयारी से संबंधित मामलों में राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों को सहायता प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान पहले ही इन गतिविधियों को मजबूत करने के लिए राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के साथ-साथ भारतीय नौसेना शारीरिक प्रशिक्षण स्कूल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर चुका है।

एनआईडब्ल्यूएस द्वारा जलक्रीड़ाओं और संबंधित गतिविधियों में 27 से अधिक पाठ्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। संस्थान के प्रशिक्षक विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण देते हैं और ऑफ-कैंपस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी चलाते हैं। राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान (एनआईडब्ल्यूएस) ऑनलाइन और फिजिकल मोड दोनों पर जलक्रीड़ा संबंधी जागरूकता अभियान भी चलाता है।

********